प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रश्नकाल

प्रदेश सरकार के 60 से अधिक कर्मचारी और अधिकारी चिटटे की तस्करी में संलिप्त पाए गए हैं और इनके खिलाफ अगले छह महीने में सरकार कडी कार्रवाई अमल में लाएगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ये बात कही। विधायक डीएस ठाकुर, मलेंद्र राजन, विनोद कुमार और केवल सिंह पठानिया के संयुक्त सवाज के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद चिट्टे की तस्करी के मामलों में 30 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि सरकार ड्रग माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है और अभी तक एक ड्रग माफिया के घर को गिरा दिया है जबकि 17 लोगों की संपति को जब्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य में नशा करने वालों की मैपिंग करवा रही है और इसके लिए सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही यह मैपिंग स्कूलों और कॉलेजों में भी होगी और इसी मैपिंग के आधार पर आगे का प्लान तैयार किया जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार चिटटे की तस्करी को रोकने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स का गठन करने के अलावा सरकार मौजूदा बजट सत्र में एंटी ड्रग एक्ट भी ला रही है।

विमल नेगी

प्रदेश सरकार राज्य पावर निगम के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत की उच्च स्तरीय जांच करवाएगी। यह जांच प्रदेश सरकार में अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर का अधिकारी करेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज विधानसभा में एक विशेष वकतव्य के माध्यम से यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि यदि विमल नेगी की मौत के मामले में कोई जिम्मेदार पाया गया तो सरकार उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने परिवार के साथ विमल नेगी को ढूंढने का पूरा प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अगली कार्रवाई करेगी।

सुक्खू

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विमल नेगी मौत मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि पावर निगम की कार्यप्रणाली बीते एक अरसे से सवालों के घेरे में रही है यही कारण है कि निगम के अधिकारी व कर्मचारी और विमल नेगी के परिजन दोनों ही इस मामले की निष्पक्ष एजेंसी से जांच की मांग कर रहे हैं।

विशेष वक्तव्य–पोस्टर मामला

हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों को पंजाब में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा निशाना बनाए जाने और तोड़फोड़ करने की घटना के बाद हिमाचल पथ परिवहन निगम ने पंजाब के लिए दस बस रूट बंद कर दिए हैं। यह बस रूट होशियारपुर के लिए बंद किए गए हैं और आज सिर्फ छह रूटों पर ही होशियारपुर के लिए बसों को भेजा गया है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक विशेष वक्तव्य के माध्यम से यह जानकारी देते हुए कहा कि स्थिति में सुधार व सुरक्षा की गारंटी मिलने के बाद इन रूटों को फिर से आरंभ कर दिया जाएगा। इसी मुददे पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सदन में कहा कि उनकी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से बातचीत हुई है और उन्होंने एचआरटीसी की बसों को निशाना बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि भगवंत मान ने यह भी कहा है कि दोनों राज्यों के डीजीपी स्तर के अधिकारी इस मुददे पर बातचीत कर आगामी कार्रवाई तय करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरत हुई तो बसों को पुलिस सुरक्षा भी मुहैया करवाई जाएगी।